ओक्काक (**कुछ बढ़ कर**) क्या हुआ आगे ?

महत्तरिका (**धीरे-धीरे**) अब मैं इस व्यक्ति को पहचान पा रही हूँ।

ओक्काक . कौन है कौन है वह ?

महत्तरिका (**ओक्काक की ओर देखती है।**) आर्य प्रतोष।

(**नेपथ्य से ऊँचा कोलाहल।**)

ओक्काक (**विह्वल होकर**) क्या हुआ ?. क्या हुआ वहाँ ?

महत्तरिका के होठ हिलते हैं, पर कोलाहल के कारण कुछ सुनायी नहीं देता।

ओक्काक (**ऊँचे स्वर मे**) बोलो न क्या हुआ ?

कोलाहल यकायक थम जाता है। महत्तरिका एकटक ओक्काक की ओर देखती है।)

महत्तरिका (**धीमे स्वर मे**) महादेवि ने आर्य प्रतोष के गले मे जयमाला डाल दी।

धीरे-धीरे अधकार होने लगता है।

अंक २

पक्षी की बोली। मंच का मध्यवर्ती भाग आलोकित होता है, जहाँ ओक्काक हाथ पीछे बाँधे धीरे-धीरे टहल रहा है। फिर बारी-बारी से कक्ष के अन्य भाग आलोकित होते हैं, सबसे बाद में शैया। फिर एक सम्पूर्ण प्रकाश-व्यवस्था मंच पर छा जाती है। नेपथ्य से, कुछ दूर और पास से क्रमशः तीन पुरुष-स्वर— 'रात्रि का एक मुहूर्त बीत गया... ।' महत्तरिका का प्रवेश।

महत्तरिका महाराज! रात का एक मुहूर्त बीत गया।

ओक्काक . (मुड़ कर देखता है। धीरे-धीरे) एक मुहूर्त? अभी तक— केवल एक? . घटिका में केवल दो बार जल भरा? केवल दो बार वह रीती हुई? . (कुछ तीव्र स्वर में) नहीं! अवश्य कहीं कोई प्रमाद हुआ है। समय-सूचकों को तुरन्त यहाँ बुलाओ।

महत्तरिका : (कुछ रुक कर, नर्मी से) नहीं, महाराज! कहीं कोई त्रुटि नहीं है।. अभी रात बीती ही कितनी है! (गवाक्ष के पास आ जाती है।) आप स्वयं आकर देखें, पश्चिमी आकाश में अभी भी लालिमा के कुछ छींटे हैं।

ओक्काक . (अपने को संभाल कर) अच्छा? . (धीरे-धीरे) और इतनी देर में मैंने अपना जीवन . जैसे नये सिरे से जी लिया।

विराम।

महत्तरिका : (अनुरोध से) महाराज!...थोड़ा-सा कुछ ग्रहण कर लेते ..

एक दूसरे के सामने खड़े ओक्काक (राजेन्द्र गुप्त) और शीलवती (उत्तरा बावकर)

निर्णय के क्षण के भावाभिषेक को झेलती शीलवती (उत्तरा बावकर)

मर्यादा का पालन तो करना ही होता है।

ओक्काक : (किंचित आवेग से) कुछ नहीं होता महत्तरिका कुछ नहीं होता। ..जीवन बहुत निर्मम है। (आगे आते हुए, कुछ अपने-आप से ही) होने से पहले आदमी कितना सोचता है, कितना डरता है.. कि ऐसा कैसे होगा क्यों कर होगा मैं सह नहीं पाऊँगा, मैं टूट जाऊँगा चूर-चूर हो जाऊँगा (करुण मुस्कान से) और फिर उठ खड़ा होता है, धावी के खिलौने के समान (विराम। पूछता है।) क्या देख रही हो नीचे ?

महत्तरिका (धीरे-धीरे) खाली मंडप हवा में धीरे-धीरे लहराते हुए तोरण और वंदनवार स्तम्भों में लिपटी हुई पुष्पमालाएँ - यहाँ-वहाँ टूटी हुई एक-दो लुढ़के हुए मंगलकलश (विराम) सब कुछ मौन स्तब्ध !

ओक्काक · (करुण मुस्कान से) उत्सव के बाद का सूनापन !

मदिराकोष्ठ तक आता है। एक चषक भरता है। पीता है। प्रतिहारी का प्रवेश।

प्रतिहारी · महाराज ! गुप्तचर देर से प्रतीक्षा कर रहे हैं। क्या उन्हें आने की आज्ञा मिलेगी ?

ओक्काक : हाँ ! .(प्रतिहारी का प्रस्थान। ठंडी साँस लेकर) आज की रात कुछ नहीं . (विकृत ढंग से हँसता है।) अब कुछ भी गोपनीय नहीं। (दो-तीन घूँट लेता है।) महत्तरिका !

महत्तरिका . महाराज !

ओक्काक · कौटिल्य ने रात को आठ भागों में बाँटा है, राजा के लिए (बीच की ओर आते हुए) पहले भाग में गुप्तचरों से बातचीत [illegible]सरे में स्नान, भोजन और स्वाध्याय तीसरे में अन्तःपुर [illegible] और पाँचवें में शयन. .छठवें में निद्रा का [illegible] से मंत्रणा . आठवें में राज- [illegible] .(विराम) लक्ष्य किया [illegible]आ ! ...या बहुत अच्छा

...... प्रधान का पुष्पारोपण कर दूँ ? क्या कमरा;
पोगाह पर उसको भस्म कर या स्थापित करता हूँ ?

महत्तरिका (कुछ विह्वल-सी) महाराज ! अगर कुछ प्रहर नहीं ...
चाहें, तो विश्राम ही कीजिए। नींद आ जायगी, तो ।

ओक्काक नींद ? .. (करुण मुस्कान सहित) महत्तरिका ! आज ...
तो मुझे मृत्यु भी नहीं आयेगी। (मदिराकोष्ठ तक आता है। चषक भरता है। कुछ घूंट लेता है। बिना मुड़े हुए) तु...
जाओ अपने घर, अपने पति के पास... मेरे लिए क्यों उसकी निकटता से वंचित रहो ?

महत्तरिका वे आज यहाँ नहीं हैं, महाराज ! किसी राजकीय काम से श्रावस्ती भेजे गये हैं।

ओक्काक ओह ! (विराम। मुड़ कर) अगर होते, तो क्या आज की रात ?

महत्तरिका महाराज ! (सिर झुका लेती है।)

ओक्काक : बताओ मुझे। संकोच मत करो। (विराम) महत्तरिका !

महत्तरिका (आँखें झुकाये हुए) वह नहीं सकती।

ओक्काक : क्यों ?

महत्तरिका (शीघ्रतापूर्वक) मेरा मतलब है, कुछ निश्चित नहीं रहता।

ओक्काक क्यों ?

महत्तरिका कई बातों पर निर्भर करता है।

ओक्काक जैसे ?

विराम।

महत्तरिका . मेरी या उनकी मन स्थिति कार्य की अधिकता या कमी. . थकान ।

विराम।

ओक्काक और ?

विराम।

महत्तरिका मेरी शारीरिक अवस्था. ।

ओक्काक . और ?

महत्तरिका : बच्चों को लेकर हमारा निश्चय ।

ओक्काक तुम्हारे अभी कोई सन्तान नहीं है न ?

महत्तरिका : नहीं ।

ओक्काक : ऐसा क्यों ?

महत्तरिका : हम अपनी योजना के अनुसार चल रहे हैं।

ओक्काक योजना ?

महत्तरिका किसी आकस्मिक आपत्ति के लिए पर्याप्त द्रव्य अपना भवन उसमें सारी सुविधाएँ अपना रथ इत्यादि।

विराम।

ओक्काक महत्तरिका ! आज की जैसी रातें सप्ताह में कितनी होती है ? और कितनी नहीं होती ?

महत्तरिका (आर्त स्वर में) महाराज ! आप तनिक सोचिये तो !

ओक्काक (कुछ ठहर कर) जानता हूँ, महत्तरिका ! यह सब [illegible] व्यक्तिगत बातें है और मेरा तुमसे कुछ भी पूछना अनुचित है। लेकिन तुम्हे नहीं मालूम, यह सब जानने के लिए मेरा मन कितना आकुल रहता है ! मेरा कोई मित्र नहीं, कोई अंतरंग नहीं। राजसिंहासन एक अदृश्य दीवार है, जिसे लाँघ कर न मैं उस ओर जा सकता हूँ, न उस ओर से कोई इस ओर आ सकता है। मैं किसी के अनुभवों से लाभ नहीं उठा सकता, किसी को अपने भेदों का भागीदार नहीं बना सकता, किसी से अपना दु:ख नहीं बाँट सकता।

विराम।

महत्तरिका : शारीरिक संबंधों की संख्या का कोई सामान्य नियम नहीं है। दम्पत्ति विशेष के अनुसार ये बदलती रहती हैं।. .जहाँ तक हमारी बात है ब्याह के बाद प्रारंभ में संख्या अधिक थी। अब घट कर स्थिर हो गयी है . सप्ताह में प्राय तीन बार .!

ओक्काक पहल कौन करता है ?

महत्तरिका (सलज्ज स्मित से) स्वाभाविक है कि पति।

ओक्काक कभी तुमने नहीं की ? (विराम) बोलो . !

महत्तरिका बहुत कम। ..और जब की, तो पति ने महीनों चिढ़ाया।

विराम।

ओक्काक ' पति और पत्नी के बीच यह संबंध.. तुम्हें कुछ विशेष लगता है ?

महत्तरिका : (कुछ रुक कर) मैं समझी नहीं।

वकाक कैसी ध्वनि है यह ?

रिका चक्रवाक पक्षी है, महाराज ! महादेवि के हाथ से मृणाल का रस नहीं मिला, उनका स्वर नहीं सुना, इसलिए व्याकुल है।

वकाक ओह ! (गवाक्ष तक आ जाता है। धीरे-धीरे) सारी जागेंगे सारी रात चक्रवाक मैं कुमुदनी और चंद्रमा ।

मंच का प्रकाश क्रमशः मंद होते हुए बुझ जाता है — केवल गवाक्ष पर चंद्र-किरणों-सा बहुत धूमिल आलोक रहता है। विराम। मंच पर धीरे-धीरे प्रकाश होता है। ओक्काक एवं महत्तरिका के स्थान पर क्रमशः शीलवती तथा प्रतोष दिखायी देते हैं।

: (धीरे-धीरे) कभी विषकन्या के बारे में सुना था कि बचपन से ही उसे तनिक-तनिक विष देकर तैयार किया है। मैं क्या थी ? इतना बड़ा परिवार और पिता की सीमित आय अभाव वंचना दरिद्रता दुख (क्षणिक विराम) न पाने की कुढ़न न होने की कड़वाहट न मुस्कराने की कचोट न हँसने की घुटन दूसरों के प्रति आक्रोश, अपनों के लिए क्रोध स्वयं से घृणा मुझे बिलकुल ...न से ही नियमित रूप से यह सब मिल रहा था —कुछ ...ई तोरा, कुछ आधा माशा, कुछ एक रत्ती अब अगर घर में भी मुझे केवल चार भित्तियाँ और एक छत और दो ... मिलता, तो क्या मेरी प्रकृति का विषैलापन ...नहीं दिखलाता ?

...से) तो राजमहल में जाकर यह विष ?

...) सब उड़ गया धीरे-धीरे —कपूर की तरह ... इतनी सुविधाएँ और इतना वैभव और ऐसी झुलसते मन-प्राण पर चंदन-गंध के समान छाला ... यहाँ इच्छाओं का अंत था, लेकिन साधनों का ...ने की सीमा थी, पर सम्पत्ति की नहीं।

) ब्याह से पहले तुम्हें मालूम था कि

... तो क्या निर्णय में परिवर्तन की को

शीलवती : मेरी क्यों नहीं ?

प्रतोष यह तुम्हारी अपनी खोज है।

शीलवती (प्रसन्न मुस्कान से) प्रारम्भ हो तो गयी है।

प्रतोष बधाइयाँ !

शीलवती (स्थिर दृष्टि से देखती है।) इस तरह से क्यों बोल रहे हो ?

प्रतोष (कृत्रिम आश्चर्य से) किस तरह बोल रहा हूँ ?

शीलवती (ठहर कर) मैं सोचती थी कि तुम सन्तुष्ट होगे !

प्रतोष किससे ?

विराम।

शीलवती जो कुछ हो रहा है उससे। देखो, ब्याह के बाद मैं मुझे (अटक जाती है। क्षणिक विराम) शायद तुम नहीं जानते मैं अभी तक कुमारी हूँ।

प्रतोष तुम समझती हो, तुम्हारे कौमार्य में अभी तक मेरी रुचि है ?

विराम।

शीलवती : मैं तुम्हारी अपराधिनी हूँ। क्या उसका यह एक प्रतिकार नहीं हो सकता ?

प्रतोष . (लापरवाही से) हो... सकता... है... लेकिन एक उससे भी अच्छा है।

शीलवती (रुक कर) सो क्या ?

विराम।

प्रतोष तुम यहाँ जैसी आयी हो, बिल्कुल वैसी ही वापस जाओ।

शीलवती · (आतंक से) अर्थात् ?

प्रतोष · मैं तुम्हारा स्पर्श तक न करूँ।

क्षणिक विराम।

शीलवती (विह्वल होकर) नहीं . तुम मुझे इतना कठोर दंड नहीं दे सकते, मेरे साथ इतना बड़ा अन्याय नहीं कर सकते (झुक कर घुटनों के बल बैठ जाती है। उसके दोनों पैर अपनी बाँहों में घेर लेती है, घुटनों से सिर टिका देती है।) तुम नहीं जानते .मैंने कितनी यातना सही है !

प्रतोष (सन्तुष्ट स्मित से कुछ क्षणों तक शीलवती की ओर देखता रहता है। झुक कर) उठो !

उठाता है। शीलवती कुछ चमत्कृत-सी है। प्रतोष की ओर देखती है, फिर उसके दोनों हाथों की ओर, जो

सम्भावना थी ?

शीलवती (तनिक सोच कर) ऊँह, छोड़ो ... जो बीत गया, उसे लेकर उलझने से क्या लाभ ! (प्रतोष की ओर देखती है। हल्की मुस्कान से) कुछ अपने बारे में बताओ। . सुना है, बड़े सम्पन्न व्यापारी हो गये हो।

विराम।

प्रतोष (धीरे-धीरे) हाँ तुम्हारे ब्याह के साथ जब जाना कि कहीं कोई आस्था, कोई विश्वास नहीं है, कोई मूल्य, कोई सिद्धांत नहीं है, मगर कुछ है जो केवल मुद्रा—व्यक्तिगत सुख की खोज तो बस, फिर सारे मनोबल से जुट गया उसी के पीछे सुबह और दोपहर, अपराह्न और संध्या, रात और दिन केवल एक धुन, केवल एक धुन, केवल एक चिंता, केवल एक लक्ष्य तब जाना कि अर्थ का अर्जन उतना कठिन नहीं है . बस, तन और मन का पूरा समर्पण चाहता है. . (शीलवती की ओर देख कर मुस्कराता है।) और इस तरह मैं मुद्राराक्षस बन गया।

विराम।

शीलवती सुखी हो ?

प्रतोष तुम सुखी हो ?

शीलवती (एक ओर बढ़ जाती है।) मैंने तुमसे पूछा है।

प्रतोष तो दुखी भी नहीं हूँ। . वैभव बहुत-कुछ दे देता है, और जो नहीं दे पाता, वह उतना महत्त्वपूर्ण नहीं लगता।

विराम।

शीलवती ब्याह क्यों नहीं किया ?

प्रतोष (कृत्रिम आश्चर्य से) यह क्या होता है ?

शीलवती (झेंप जाती है। अपने को सँभाल कर) व्यक्तिगत सुख की खोज में क्या ब्याह नहीं आता ?

प्रतोष तुम्हीं बताओ. आता है क्या ?

शीलवती सुनते तो हैं।

प्रतोष साधन बन कर न ? उनकी मेरे पास कमी नहीं है।.. रही शरीर की आवश्यकताएँ, सो उनकी पूर्ति के और भी रास्ते हैं। (शीलवती की ओर देखता है। व्यंग्यभरे, सूक्ष्म स्मित से).. मैं केवल अपनी बात कर रहा हूँ।

विराम।

बिंदु . और कभी सडक पर किसी रथ की आहट और घोड़े की टापें . बस . !

महत्तरिका सो जाता है सब कुछ महत्वाकांक्षाएँ, और सपने, संघर्ष, और अंधी दौड़ . !

ओक्काक : (करुण मुस्कान से) बहुत कुछ नही भी सोता (संकेत सहित, किंचित आह्लाद से) वह देखो, उस भवन के ऊपर कक्ष में दीप जले। (गवाक्ष से हट जाता है।) हाल में ही ** अभियोग आये थे न्यायालय मे (कुछ घूंट लेता है व्यापारी नागेश ने बहुत बड़े राजकीय ऋण के लिए . पत्नी का उपयोग किया था। अभियोग अनुदान आयोग के अध्यक्ष पर था, निगरानी समिति की ओर से तुमने सुना होगा ?

महत्तरिका हाँ, महाराज !

ओक्काक दूसरा अभियोग एक गायक की पत्नी की ओर से था, जो वैवाहिक बंधन से छुटकारा पाना चाहती थी। उसका . था कि धनी नागरिक उद्दालक की पत्नी से उसके पति . तिक संबंध था। बाद में मालूम हुआ कि उद्दालक की सम्पत्ति वास्तव में उनकी पत्नी की थी और वह उसके सं . पर चलता था। (विराम) नागेश और उद्दालक आज इन पतियो के साथ मेरी पूरी सहानुभूति है।. इन बेचारो के जीवन मे ऐसी कितनी ही रातें आयी होगी ! (विराम) . न्यायाधीश ने अपने निर्णय में इन पतियों के नाम नहीं लिये थे। कहा था कि ये महानुभाव संज्ञाएँ नहीं है – ये विशेषण है, विशेषण। (महत्तरिका की ओर देखता है।) जानती हो, कौन-सा ? (तीव्र स्वर में) जो मैं हूँ ! जो मैं हूँ ! (कोष्ठ तक आकर चक्कर भरता है। गटागट पी जाता है। फिर कोष्ठ पर कुहनियाँ टिकाये, निढाल-सा खड़ा रहता है। करुण स्वर में) बेकार हुआ था मेरा नामकरण संस्कार बेकार है मेरे नाम की राजमुद्रा बेकार होते हैं मेरे हस्ताक्षर--शिलालेखों पर, ताम्रपट्टों पर, राजादेशों पर संज्ञा नहीं हूँ मैं !. विशेषण हूँ, विशेषण !

महत्तरिका . (व्यग्र-सी) महाराज !. (कुछ अपने से ही) कैसे आपका ध्यान बँटे . (क्षणिक विश्राम) वीणा बजाऊँ ? कुछ गाऊँ ? नाचूँ ?

उसके बाहुमूल पाते हैं। प्रतोष धीरे-से अपने हाथ खींच लेता है।

शीलवती (अभिभूत-सी) कैसा अनोखा-सा है तुम्हारा स्पर्श...!

प्रतोष (नासमझी से) क्या?

शीलवती (बाहुमूल की ओर देखते हुए) कितना उष्ण...जैसे कुछ जीवित...!

प्रतोष (हल्की मुस्कान से) कैसी बातें कर रही हो?

शीलवती (किंचित आवेश से) देखो, अभी तक मेरी त्वचा पर स्पंदन है...! (मुग्ध-सी उस स्थान पर अपना कपोल रगड़ती है, अधरों से छूती है। कुछ क्षणों बाद आँखें उठाती है। दृष्टि मिलने पर प्रतोष समझने के ढंग से मुस्कराता है, अपनी बाँहें फैलाता है। शीलवती चुपचाप सिमट आती है, उसके सीने पर सिर टिका लेती है। कुछ क्षणों बाद मुँह ऊपर उठाती है, प्रतोष झुकने लगता है।)

मंच पर धीरे-धीरे अंधकार होने लगता है—केवल एक प्रकाश-वृत्त शैया पर केन्द्रित रहता है और क्रमशः बहुत हल्के-से आलोकाभास में बदल जाता है। जब वह पुनः तेज होता है, तो आलिंगनबद्ध युगल के स्थान पर एक आकृति खड़ी है। एक प्रकाश-वृत्त उस जगह उभरता है, तो मालूम होता है कि वह ओक्काक है—एकटक शैया की ओर देखता हुआ। नेपथ्य से, कुछ दूर और पास से क्रमशः तीन पुरुष-स्वर—'रात्रि का एक मुहूर्त बीऽत गयाऽऽ...!' महत्तरिका का प्रवेश। सम्पूर्ण प्रकाश-व्यवस्था मंच पर छाने लगती है। महत्तरिका हाथ के मदिरापात्र को कोष्ठ पर रखती है। एक चक्कर भरती है। निकट आती है।)

महत्तरिका (धीमे स्वर में) महाराज!...(ओक्काक मुड़ता है। ऐसे देखता है, जैसे पहचानने का प्रयास कर रहा हो।)...आपने बहुत पुराना आसव माँगा था?

ओक्काक ओह हाँ...(चषक ले लेता है। गवाक्ष तक आता है। कुछेक घूँट पीता है।) कितना सन्नाटा है बाहर...!

महत्तरिका (गहरी साँस लेकर) हाँ... बहुत...।

ओक्काक (धीरे-धीरे) दिन में कितनी गति, कैसा प्रवाह... और रात में कितना मौन हो जाता है नगर...यहाँ-वहाँ चमकते हुए प्रकाश-

बिंदु . और कभी सड़क पर किसी रथ की आहट और घोड़े की टापें. बस . !

महत्तरिका — सो जाता है सब कुछ ..महत्वाकांक्षाएँ, और सपने, संघर्ष, और अंधी दौड़. .!

ओक्काक — (करुण मुस्कान से) बहुत कुछ नहीं भी सोता.. (संकेत सहित, किंचित आह्लाद से) वह देखो, उस भवन के ऊपर कक्ष में दीप जले। (गवाक्ष से हट जाता है।) हाल में ही दो अभियोग आये थे न्यायालय में . (कुछ घूंट लेता है।) व्यापारी नागेश ने बहुत बड़े राजकीय ऋण के लिए अपनी पत्नी का उपयोग किया था। अभियोग अनुदान आयोग के अध्यक्ष पर था, निगरानी समिति की ओर से. तुमने सुना होगा ?

महत्तरिका — हाँ, महाराज !

ओक्काक (महत्तरिका की ओर एकटक देखता है। पास आता है। दोनों हथेलियों में उसका चेहरा ऊपर उठाता है। धीरे-धीरे) कितनी सुन्दर हो तुम! ये मदभरी आँखें... (उँगली फेरते हुए)... ये रसीले होंठ... (भरपूर साँस लेता है।)...कामना के धीरे-धीरे धीरज की रेख को सुलगा कर राख कर दें—ऐसे दहकते अंग-प्रत्यंग ... बौराये हुए हाथी-सा संभाले न संभलता हो—ऐसा उन्मादी यौवन ... जो थकने न सुन्दर पा न, तो मर्यादा की लौह शृंखलाएँ कमलतन्तुओं की तरह छिन्न-भिन्न हो जायें... (विक्षिप्त सा हँसता है। पीछे हटते हुए) लेकिन तुम्हारा शील निश्चिन्त है, क्योंकि तुम मेरे पास हो...। इस धरती की किसी भी युवती को मुझसे कोई डर नहीं... जो मेरी आँखों को भाये, वह भी सुरक्षित है... जो मेरी बाँहों में समाये, वह भी सुरक्षित... (शैया की ओर देखते हुए) जो मेरी शैया पर आये, वह भी सुरक्षित... ((शैया की ओर बढ़ता है।) संसार-चक्र का यह एक और अकेला चक्र... अनजाना है मेरे लिए... साहित्य-ग्रन्थों के इतने सारे अंश... वात्स्यायन के इतने विवेचन... धर्मशास्त्र की वर्जनाएँ... ये बलात्कार... ये आत्मसमर्पण... ये चीरहरण... केवल एक उलझन हैं मेरे लिए, बस, एक पहेली...।

महत्तरिका (विह्वल-सी) महाराज! क्यों आप व्यर्थ में..?

ओक्काक कहने दो मुझे... यह लेने दो... (विराम। अगले संवाद में दो-तीन पंक्तियों के बाद मंच के बायें भाग में अंधकार छाने लगता है... महत्तरिका विलुप्त हो जाती है।) बचपन में ही माता-पिता का देहान्त... मैं गुरुकुल में था और अमात्य-परिषद मेरे नाम पर शासन चला रही थी। वयस्क होते ही राजधानी बुलाया गया। राज्याभिषेक... ब्याह की तैयारी... तभी ज्योतिषी ने बतलाया कि मेरे ग्रह बहुत प्रबल हैं और किसी भी राजदुहिता की कुंडली मुझसे नहीं मिल रही है—और जिससे मिल रही है, वह दरिद्र घर की एक कन्या है।... ब्याह निश्चित हो गया। ... तैयारी होने लगी। वह दिन पास आने लगा। ... तब मैं और नहीं छिपा सका। ...मैंने राजवैद्य से कहा कि मैं... कि मैं... (क्षणिक विराम) नग्न युवती की कल्पना करता हूँ... और मुझे कुछ नहीं होता। ... उन्होंने मेरी परीक्षा की। ... शायद यह कोई मनोवैज्ञानिक ग्रंथि थी...

शीलवती (गहरी सांस लेकर) पूरे चांद की रात है न...सुनो, तो मेरी यह माला निकाल दोगे ? ...चुभ रही है गले में ।

प्रतोष अच्छा करवट ले लो...!

वस्त्रों की सरसराहट । आभूषणों की झंकार ।

बोली, या जमा हुआ हिम, या बसती पवन - इनका कुछ प्रभाव नहीं पड़ता शयनकक्ष के ऊपर ? नींद की अवधि पर, या लेटने के ढंग पर, या शैया की जगह पर, या (ओक्काक मुंह फेर कर पीछे हटने लगता है। उद्धत-सी सामने आ जाती है। तीव्र स्वर में) बोलो या ?

(उसे हटा कर आगे आ जाता है। भिंचे स्वर में) मैं नहीं जानता।

(स्थिर दृष्टि से देखती है। ठंडी भर्त्सना से) तुम चाहो, तो भी नहीं जान सकते लेकिन तुम्हारे साथ मैं भी इस जानकारी से वंचित रहूँ ? क्यों ? किस लिए ?

(तीव्र स्वर में) वैवाहिक बंधन की कुछ मर्यादा भी होती है।

(आवेश से) निभायी है मैंने और पाँच वर्ष तक मर्यादा निभाने में उतना संतोष नहीं मिला, जितनी तृप्ति इस एक रात में मिली है। बोलो किसे मानूँ ? किसको दूँ महत्त्व ?

(उसकी ओर देखती रहती है। एक ओर बढ़ती है, धीरे-धीरे) उसके एक ही स्पर्श से भड़क उठा यह लावा जो कितने सालों से इस शरीर में दबा हुआ था। किसको आँच का अनुभव होता था जब तो कहीं कुछ नहीं भाता था। बिना बात महत्तरिका पर झुंझलाती थी बेचारे चक्रवाक को आहार नहीं मिलता था, चित्रलेख फाड़-फाड़ कर फेंकती थी, इन रातों में वीणा के तार टूटते थे, बेचैन सी शैया पर करवटें बदलती थी (एक पग बढ़ाते हुए) और जान लो कि तुम्हारा मुँह नोच लेने का मन होता था (चूड़ियाँ और आभूषण खनखनाते हैं, तो कलाई की ओर देखती है। कुछ क्षणों बाद यों मुस्कराती है, जैसे कुछ याद आ रहा हो। हँस पड़ती है। अपने को संभालने की चेष्टा करती है। उमग से) बहुत अनुभवी है प्रद्योत.. जानता है कि कब, कहाँ, कैसे और क्या:. करना चाहिए।

(मरयि स्वर में) शीलवती !

(उसकी ओर देखती है। खिलखिला कर हँस पड़ती है।) क्या कहूँ। . .भरी गगरी की तरह छलकी-छलकी जा रही हूँ .. इतना सुख, इतनी सिहरन, इतना रोमांच. . (सीत्कारसहित) कल रात कितनी बड़ी क्रांति हुई है मेरे जीवन में . मेरे तन-मन का इतिहास ही बदल गया है... (आवेग से) मैं अपने अनुभव

शीलवती . (जैसे उसी अनुभूति में डूबी हुई हो।) आलिंगन की निकट ..चुम्बनो का ताप .दतचिह्नो के सीत्कार.. नखक्षिप्त सं सिहरन .

ओक्काक (मुंह फेर कर) बस बस.. !

शीलवती (मुस्कराती है।) क्यो ? ..सहन नही हो रहा है ?

ओक्काक (गवाक्ष तक आ जाता है। कुछ ठहर कर) अभी भी राजप्रा मे है तुम्हारे उपपति ?

शीलवती हैं और अभी रहेगे कुछ समय तक।

ओक्काक (मुड़ता है।) क्या मतलब ?

शीलवती (धीरे-धीरे) रात मैने एक ओर बहुत कुछ पाया, तो दूसरी ओर यह भी जाना कि अब तक कितना कुछ खोया है ! खोने मे से पाने का सतोष और पाने मे से खोने का आक्रो (विराम) . कितना सुख दे सकता था यह शरीर. लेकि मैने नही जाना वर्ष पर वर्ष बीतते गये वही प्रात काल उठना स्नान-ध्यान उद्यान की क्यारियाँ वीणा-वादन य चित्र-रचना पक्षियो को दाना-पानी किसी पुस्तक के पन्ने पलटना.. दोपहर-भर सोना सायकाल कोई सभा-समारोह कुछ सगीत-नर्तन मेरी दिन की दिनचर्या कभी नही बदली— क्योकि रात की आपबीती नही बदली .मुझे किसी ने बलात् सारी रात नही जगाया मैने नीद से बोझिल पलकें झपकाते हुए किसी से मनुहारें नही कीं मैने तकिये मे मुंह छुपाये पहरो गुपचुप बातें नहीं की (विराम) जब दो शरीर पास आते हैं, तो सम्मिलन का व्यक्तिगत-इतिहास बनता है—निकट आने की पूरी प्रक्रिया, अलग-अलग सोपानो पर एक-दूसरे की प्रतिक्रिया की जानकारी ..देने का आवेग लेने की व्याकुलता .. यह साझेदारी मेरे जीवन मे कभी नही आयी ऋतुएँ पर ऋतुएँ बदलती गयीं .ग्रीष्म आया, तो देह पर चदन पोत लिया...वर्षा आयी, तो श्वेत वस्त्र पहन लिये...शरद आया तो कानो मे नीलकमल, हेमन्त आया तो बालों मे काला अगरु, शिशिर आया तो मोटा कूर्पासक, बसत आया तो माल दुकूल.. लेकिन ऋतुओं का यह परिवर्तन क्या केवल इतना ही होता है ? यह कहाँ पति-पत्नी की रातों को नही छूता ? उस व्यक्तिगत इतिहास को ?. ठंडे जल मे भीगे पंख, या मेघों का घनघोर गर्जन, या धान की बालों की पक्तियाँ, या सारस की

(तीनों को ओर देखती है।) आप लोग स्थिति को दो टूक स्वीकार क्यों नहीं करते ? ससार दु खो का सागर है। कितनी भाग-दौड़ कितना छल-कपट कितना रक्तपात रात की वही तो कुछ घडियाँ है जिनमें आदमी अपने को भूल सकता है, थोड़ा-सा सुख पा सकता है। मैंने ऐसी कौन-सी अनहोनी बात कह दी, जो आप लोगो के चेहरे उतर गये ?

महामात्य लेकिन ससार में आचरण के भी कुछ नियम है। दो व्यक्तियों के बीच मर्यादा की एक सीमा होती है, जिसका उल्लघन किसी भी दृष्टि से ।

शीलवती (विद्रूप से) महामात्य ! इन खोखले शब्दों का जादू टूट चुका है अब । (महामात्य, राजपुरोहित, महाबलाधिकृत एव ओक्काक को ओर बारी-बारी से देखती है।) मर्यादा ! धर्म ! शील ! वैवाहिक बधन ! (सबकी ओर पीठ कर आगे आ जाती है।) सब मिथ्या ! सब आडबर ! सब पुस्तकीय ! (उद्धत-सी) लेकिन मुझे पुस्तक नही जीना अब । मुझे जीवन जीना है।

महामात्य क्या जीवन और पुस्तक का इतना गहरा विरोध होता है ?

शीलवती . कुछ ऐसे सौभाग्यशाली हो सकते है, जिनका नही होता जैसे महाबलाधिकृत का युद्ध-कौशल पुस्तक से जैसे राजपुरोहित का धर्माचारण जिवा से जैसे आपका अर्थशास्त्र या युद्धनीति से. (क्रोधपूर्वक) लेकिन मेरी ओर देखिये। मैं एक व्याहता स्त्री हूँ लेकिन मेरे जीवन का कामशास्त्र से क्या सामजस्य है ? . जिसने पाँच वर्षों तक यह नही जाना कि पुरुष के स्पर्श में वह कौन-सा सम्मोहन है, जो (महामात्य की ओर देखती है। व्यग्य से) क्या नेक परामर्श दिया था आपने मुझे कल ? मछली की आँख के उदाहरण के साथ ? तनिक दुहराइये उसे। (विराम। बलपूर्वक) राजमहिषी की आज्ञा है कि आप उसे दुहरायें।

महामात्य · (कुछ रुक कर) मैंने कहा था कि. ।

शीलवती : कि ?

महामात्य · केवल अपने लक्ष्य के बारे में सोचिये।

क्षणिक विराम।

शीलवती : जब आप अपनी पत्नी के साथ सोते हैं ?

ओक्काक : (घुटे स्वर में) शीलवती !

तीनों जाने को होते हैं।

शीलवती तनिक ठहरिये ! (तीनों ठिठक जाते हैं। मुस्कान सहित तीनों की ओर बारी-बारी से देखती है।) महामात्य ! राजपुरोहित ! महाबलाधिकृत ! . (धीरे-धीरे, समझाते हुए) आप लोगों को शायद अनुभव होगा अनिश्चय बहुत बेचैन करता है और प्रतीक्षा बड़ी यातना देती है। यह स्थिति तो और भी भयंकर है, क्योंकि अनिश्चय प्रतीक्षा भरा होगा और और प्रतीक्षा अनिश्चय भरी। . आप लोग राज्य के स्वामिभक्त कर्मचारी कहे जाते हैं तो ऐसे तनाव से आप लोगों को बचाना मेरा कर्तव्य है।

महामात्य मैं समझा नहीं।

शीलवती अमात्य-परिषद का निर्णय है कि वह मुझे तीन अवसर देगी ?

महामात्य जी हाँ, तीन।

शीलवती तो जाइये, घोषणा कर दीजिये कि आज से ठीक एक सप्ताह बाद राजमहिषी शीलवती धर्मनटी बन कर राजप्रांगण में उतरेंगी।

छोटा-सा विराम।

राजपुरोहित : लेकिन कुछ दिनों प्रतीक्षा तो करें।

महाबलाधिकृत : अगर रात का कोई परिणाम हो तो. ।

शीलवती : (स्मित सहित) मैं आपको विश्वास दिलाती हूँ कि रात का कोई परिणाम नहीं होगा। . मेरे उपपति ने मुझे एक निरोधक औषधि दे दी है ..और अगली बार भी दे देगा।

विराम।

महामात्य : (समझने के भाव से) ओह ..!

ओक्काक : (स्थिर दृष्टि से शीलवती की ओर देखता है। करुण मुस्कान से) राजमहिषी धर्मनटी बन कर गयी थीं, कामनटी बन कर लौटी हैं।

महाबलाधिकृत : (किंचित आक्रोश से) लेकिन यह तो आप लोगों की सरासर चाल है।

शीलवती : (मुस्करा कर) वैधानिक जाल में से निकलने की वैधानिक चाल.. (विराम। आत्मलिप्त-सी) लेकिन मैं कैसे एक सप्ताह तक प्रतीक्षा करूँगी ? . सात दिन . और सात रातें. . (चारों की ओर पीठ कर एक ओर बढ़ने लगती है।) सात बार सूर्य उगेगा और डूबेगा...सात बार चन्द्रमा निकलेगा और छिपेगा...

गान बार चकवा अलग होगा चकवी से.. (ओक्काक के प्र तनिक झुक कर तीनों कर्मचारियों का प्रस्थान।) साड ब कुमुदनी चन्द्रमा के बिना मुरझायेगी ' .। (मुड़ती है।)

ओक्काक यह वैधानिक रास्ता जब बन्द हो जायेगा, तब ?

शीलवती जब आवश्यकता होती है, तो नये रास्ते खुलने लगते हैं।

ओक्काक अर्थात अब तुम किसी मर्यादा का पालन नहीं करोगी ?

शीलवती : (आगे बढ़ जाती है।) कितनी युवतियां हैं, जो ब्याह से पहले ही कुमारी नहीं रहतीं और मैं ब्याहता होकर भी ब्रह्मचारिणी थी लेकिन कब तक ? . मैं एक मामूली स्त्री हूं। जब शरीर के माध्यम से जीती हूं, तो शरीर की मांगों को कैसे नकार सकती हूं ?

ओक्काक · (तिरस्कार से) तुम यहां तक जा सकती हो ?...अपने स्वार्थ के लिए ।

शीलवती (स्थिर दृष्टि से देखती है।) और तुम कितने परमार्थी हो, जो बिना सामर्थ्य के ब्याह के जैसा जघन्य पाप कर सकते हो ?

राजवैद्य ने कहा था कि जब कामना की पूरी ऊष्मा के साथ पत्नी तुम्हारा आह्वान करेगी, तो उस मनोवैज्ञानिक क्षण में अपने-आप यानी मैं तुम्हारे लिए केवल जड़ी-बूटी थी ? केवल एक उपचार ? तुमने यह नहीं सोचा कि अगर यह चिकित्सा बेकार गयी, तो इस जीवित औषधि पर क्या बीतेगी ? .(इधर-उधर देखती है। मंच की प्रकाश-व्यवस्था धीरे-धीरे तीन आलोक-वृत्तों में बदलने लगती है जो शीलवती, ओक्काक एवं शैया पर केन्द्रित हैं।) यह शयनकक्ष साक्षी है मेरी पीड़ा का ..ये भित्तियां और गवाक्ष यह मुक्तावलाप (छोटा-सा विराम) यह शैया. .तुम मेरे शरीर से ताप लेना प्रारंभ करते थे. .नग्न नारीत्व से अपने पुरुषत्व को जाग्रत करना चाहते थे—आलिंगनों से, चुंबनों से, स्पर्शों और नख-चिह्नों से...मेरी पूरी चेतना प्रत्युत्तर देती थी मेरी सांसें अवरुद्ध, मेरी धड़कनें तीव्र...मेरे होंठों पर सीत्कार मेरे अंग-प्रत्यंग में कंपकंपाहट की तरंगें— मैं पूरी तरह तैयार पके फल की तरह टूट पड़ने को, उमड़ते ज्वार की तरह बांध तोड़ देने को, भरे मेघों की तरह बरस पड़ने को और प्यासी धरती की तरह एक-एक बूंद अपने में समा लेने को उस आशा में मैं एक-चौथाई दूरी तय करती और मुड़ कर देखती

तो तुम वहीं खड़े थे—ठंडे, निस्तेज तब मुझे फिर लौटना पड़ता तुमने कभी जाना है रीते-हाथों वापसी की उस यातना को ? उत्तेजना की उस व्यर्थता और उन्माद की उस निरर्थकता को ? उष्णता के बाद शीत, थरथराहट के बाद स्थिरता, कंप के बाद सहजता बिना किसी उपलब्धि के, बिना किसी प्राप्य के बिना किसी तृप्ति के (एकटक देखती है।) बोलो कौन है स्वार्थी ? तुम कि मैं ?

क्काक (पीठ फेर लेता है। सिर झुकाये) तो तुम मन ही मन घृणा करती रही हो मुझसे अब तक ?

लवती . प्रारंभ में करती थी, पर बाद में नहीं। तुम्हारे व्यक्तित्व के दूसरे पक्ष हैं, जो मुझे भाते हैं। मेरी पूरी सहानुभूति है तुम्हारे साथ, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि (अटक जाती है। निकट आती है।) जब आत्मसंतोष की अंधी दौड़ हो—व्यक्तिगत सुख की खोज ता जीवन बहुत जटिल होता है, आवश्यक और उसकी माँगें भी उतनी ही उलझी हुई पूर्ति के लिए एक से अधिक व्यक्ति चाहिए किसी से समाज में एक स्थान, किसी से भौतिक सुविधाएँ, किसी से भावना की तृप्ति किसी से शरीर का सुख !

करुण मुस्कान से ओक्काक की ओर देखती है। बाएँ द्वार से चली जाती है। ओक्काक मुड़ता है, द्वार की ओर देखता है। तीसरा प्रकाश-वृत्त बुझने लगता है। ओक्काक फिर मुड़ता है, शैया की ओर देखता है। नेपथ्य में नगाड़े की ध्वनि। फिर उद्घोषक का स्वर—'मल्ल राज्य के हर नागरिक को—सूचना दी जाती है – कि आज से ठीक एक सप्ताह बाद, पूर्णमासी की संध्या को —राजमहिषी शीलवती धर्मनटी बन कर— राजप्रांगण में उतरेंगी। मल्लराज्य के हर नागरिक को -प्रत्याशी बन कर पधारने का आमंत्रण है। राजमहिषी शीलवती -अपनी इच्छा के अनुसार -- किसी भी नागरिक को -एक रात के लिए—सूर्य की अंतिम किरण से— सूर्य की पहली किरण तक— उपपति के रूप में चुनेंगी।' अंधकार।